नगरी-सिहावा। रोजगार परख शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासकीय सुखराम नागे कॉलेज नगरी की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन, वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं कैरियर सेल प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग, कैरियर काउंसलिंग सेल व आईक्युएसी के संयुक्त तत्वाधान में एक व्याख्यामाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रूपशिखा अग्रवाल सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर थी। उन्होंने बताया कि केंचुआ को किसान मित्र माना जाता है क्योंकि यह खेतों को बिना किसी नुकसान के उपजाऊ बनाता है। समय के साथ इनकी संख्या व महत्ता कम होती जा रही है, क्योंकि हम आज रसायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहे है जिससे किसानों को भी भारी आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य वक्ता ने वर्मी कम्पोस्ट की महत्ता को बताया कि इसे हम कितनी आसानी से अपने घर में भी वर्मीकम्पोस्ट बना सकते है। इसमें विभिन्न प्रकार के विटामिन, हार्मोन, मिनरल होते है जो मिट्टी में पोषक तत्वों को बढ़ाता है जिसमें फसलों की उत्पादकता बढ़ती है। डॉ. अग्रवाल ने इसे रोजगार की दृष्टि से भी समझाया। कार्यक्रम में डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव, आरआर मेहरा, मोहित कुमार, हितेश नंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ.कविता, लालमन बेरवंश डॉ.ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डे, सीता नेताम नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल उपस्थित रहे।

४.०

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला–धमतरी (छ.ग.)

एक दिवसीय व्याख्यान माला

विषय - वर्मीकम्पोस्ट

06 दिसंबर 2025 दिन शनिवार

आयोजक–वनस्पतिविज्ञान विभाग, कैरियर काउंसलिग सेल एवं IQAC

:: प्रमाणपत्र ::

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ.रूपशिखा अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक वनस्पतिविज्ञान, शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर, छ.ग.ने वनस्पतिविज्ञान विभाग, कैरियर काउंसलिग सेल एवं IQAC शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला–धमतरी (छ.ग.) द्वारा आयोजित विषय–Vermi Compost पर एक दिवसीय व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रुप में सक्रिय सहभागिता की ।

महाविद्यालय आपके इस अमूल्य योगदान के लिये सदैव आभारी रहेगा ।

प्रो.कौशल नायक विभागाध्यक्ष–वनस्पतिविज्ञान / कैरियर काउंसलिग प्रभारी	प्रो.लोकेश्वरी राठिया कार्यक्रम सह–संयोजक वनस्पतिविज्ञान विभाग	प्रो.मोहित कुमार IQAC प्रभारी	डॉ. मनदीप खालसा प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी(छ.ग.)

Website: www.gcnagri.ac.in E-mail:gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी दिनांकः 19.03.2026

::प्रतिवेदन::

आईआईएम एवं सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा छः दिवसीय कार्यशाला में नोमेश का चयन

जिलाधीश महोदय जिला धमतरी श्री अविनाश मिश्रा के निर्देशन में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो.कौशल नायक प्लेसमेंट प्रभारी के संयोजन में भारतीय उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए, भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम और सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित छः दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थी नोमेश का चयन हुआ। यह कार्यक्रम उन नवोन्मेषी विचारों वाले उद्यमियों के लिए था जो अपने विचार को एक सफल व्यवसाय में बदलना चाहते हैं। नोमेश एमएस–सी वनस्पति शास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र है। समस्त प्रतिभागियों में एकमात्र नोमेश ही विद्यार्थी रहा । छात्र नोमेश ने आईआइएम भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। कार्यशाला में देशभर के सफल उद्यमियों के बीच, नोमेश ने अपने 'इथनोमेडिसिन' और 'हर्बल मेडिसिन' पर आधारित स्टार्टअप मॉडल को प्रस्तुत किया। नोमेश की इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अपने विषय बॉटनी को उद्यमिता (आंत्रप्रोन्योर) से जोड़कर एक विजन तैयार किया है। नोमेश ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह मंच उनके लिए बहुत ही प्रेरणादायक रहा। वहां की फैकल्टी और स्मार्ट क्लासरूम की सुविधाएं विश्वस्तरीय थीं। उन्होंने व्यावसायिक दूरदर्शिता, स्टार्टअप प्रबंधन को व्यावहारिक रूप से समझा। नोमेश की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कौशल नायक, प्लेसमेंट समीति के सदस्यों, वरिश्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेष कुमार देवांगन, डॉ.अष्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेषा नंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो.लोकेष्वरी राठिया, प्रो.कौषल नायक, डॉ.कविता, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन, डॉ.अंबा षुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, श्री प्रमोद चौरे, सुश्री प्रियंका सिंह, श्रीमती ललिता कोकिला, सुश्री डिलेश्वरी पटेल श्री सागर मंडावी, श्री अविरल तिवारी, श्री कृशणकुमार सिन्हा, श्री अब्बास मेमन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

प्राचार्य

भारत सरकार
Government of India
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
विकास आयुक्त का कार्यालय
Office of Development Commissioner

Certificate No : 77151/Advanced E-SDP/2025-26/8

प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र
Certificate of Participation

प्रमाणित किया जाता है कि **श्री नोमेश कुमार सुपुत्र श्री प्रभु राम** ने **भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर** द्वारा **भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर** में दिनांक 01/03/2026 से 05/03/2026 तक **एडवांस्ड ईएसडीपी- न्यू वेंचर क्रिएशन** विषय पर आयोजित एवं विकासायुक्त, सूलमउ मंत्रालय (भारत सरकार), द्वारा प्रायोजित **उन्नत उद्यमिता-सह-कौशल विकास कार्यक्रम (ई-एसडीपी)** में भाग लिया व सफलतापूर्वक किया है।

This is to certify that **Mr. NOMESH KUMAR S/o. Mr. PRABHU RAM** has successfully completed the **ADVANCED ENTREPRENEURSHIP-CUM-SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME (E-SDP)**, sponsored by O/o Development Commissioner, Ministry of MSME, Govt. of India, during the period from **01/03/2026** to **05/03/2026** on the topic **ADV ESDP- New Venture creation** organized **Indian Institue of Management IIM Raipur** at **INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT RAIPUR**.

स्थान / Place : **IIM CAMPUS**
दिनांक / Date : **05-03-2026**

नाम और हस्ताक्षर, कार्यक्रम समन्वयक
Name & Signature of Programme Coordinator
ANURAG SHARMA
Indian Institute of Management Raipur

हस्ताक्षर प्रभारी अधिकारी
Signature of Officer In-charge of Programme Implementing Agency
Indian Institue of Management IIM Raipur - PROF. VARSHA MAMIDI
Seal with name and Designation

GGV STUDENT SCIENCE CONGRESS

Department of Botany

(DST FIST Sponsored)

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA BILASPUR C.G.

24TH & 25TH JULY 2025

CERTIFICATE OF APPRECIATION

Kaushal Naik

Of Department of Botany Govt. college, Nagri, Dhamtari. CG he/ she has participated/ presented (oral / poster) on the topic.. ......and secured **2nd position** in two days National Conference of GGV Student Science Congress, on 24th and 25th of July 2025, organized by Department of Botany, Guru Ghasidas Vishwavidyalaya (a Central University) Koni, Bilaspur, Chhattisgarh. We wish for his/her bright future.

GSSC 2025

Convenor	Bharati Co-Convenor	Santosh Kr. Prajapati Director, Research and Development	Organizing Secretory

10.0

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय , नगरी

हिन्दी विभाग एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधान में
PM- USHA के सौजन्य से

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

भारतीय ज्ञान परम्परा का समकालीन विमर्श : बहुआयामी दृष्टिकोण

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि Ms. Himeshwari sahu पद Student संस्था Govt Sukhram nage college Nagri ने दिनांक 11 एवं 12 मार्च 2026 को "**भारतीय ज्ञान परम्परा का समकालीन विमर्श : बहुआयामी दृष्टिकोण**" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मे सहभागिता / प्रस्तुतकर्ता के रूप मे अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की | इन्होने संगोष्ठी मे "भारतीय ज्ञान परंपरा मे कमार जनजाति का योगदान " विषय पर अपना शोध-आलेख प्रस्तुत किया | संगोष्ठी के दौरान विभिन्न पहलुओ पर इनकी सक्रिय भागीदारी रही |

महाविद्यालय इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है |

MR. MOHIT KUMAR IQAC CORDINATOR	DR. A.K DHRUW (HoD, HINDI) CONVENOR	DR. MANDEEP KHALSA PRINCIPAL

10.1

NIPAM
NATIONAL IP AWARENESS MISSION

सत्यमेव जयते

GOVT. SUKHRAM NAGE COLLEGE NAGRI
DIST-DHAMTARI (C.G.)

In Association with
Rajeev Gandhi National Institute of Intellectual Property Mangement
(RGNIIPM)
(Under National Intellectual Property Awareness Mission)

Organized by
Department of Botany with Science Club
Online workshop on IPR & Patent Design Filing
Date - 28.03.2025 (Time – 10.00 to 11.00 AM)

Dr. Bharat N Suryawanshi
Assistant Controller
of Patent & Design
RGNIIPM, GoI, Nagpur

Patron -
Dr.Mandeep Khalsa
Principal

Co-coorndiator
Lokeshwari Rathia
AP, Botany

No registration fees
E-certificate will be given

Coordinators/Convenor:
Koushal Naik
HoD, Botany

Joining Link -
https://rgniipmiprtraininginstitute.webex.com/rgniipmiprtraininginstitute/j.php?MTID=m190f895666c942fac19e0c982755134b

Meeting Number- 2511 888 1288 Password-Z2a6UPVV7r5

Registration Link - https://forms.gle/iJ17HRQmuCYBcaPA8

Support Team- Neha Rajan, Seeta Netam, Sourabh Pandey

नगरी कालेज में कार्यशाला का आयोजन

नगरी-सिहावा। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में प्रो. कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पतिविज्ञान विभाग एवं आईक्युएसी के संयुक्त तत्वाधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं चैटजीपीटी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में अर्जुन सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पतिविज्ञान शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर तथा द्वितीय अतिथि वक्ता के रूप में उमेश सिकरवारे रहे, जिन्होंने म.प्र. में स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी एवं टेक्नोक्राफ्ट इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स एंड साइंस जैसी संस्थाओं में अपनी सेवाएँ दी है। इस ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला में बिहार, उत्तरप्रदेश, गुजरात, उत्तराखण्ड मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरला सहित 12 राज्यों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें देशभर के 30 से अधिक विश्वविद्यालय से लोग जुड़े रहे। प्रतिभागियों में अनेक प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, रिसर्च स्कॉलर एवं छात्र सम्मिलित थे। कार्यशाला दोपहर 1 बजे से प्रारंभ की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आईसीटी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। अतिथि वक्ता अर्जुन सिंह द्वारा चैटजीपीटी के उपयोग, कार्यप्रणाली तथा इसके लिमिटेशन की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। द्वितीय वक्ता उमेश सिकरवारे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की। संयोजक प्रो. कौशल

महत्वपूर्ण बिंदुओं से परिचय कराया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. लोकेश्वरी राठिया तथा आभार प्रदर्शन नेहा राजन द्वारा किया गया। कार्यशाला में टेक्निकल टीम सौरभ पाण्डेय, सीता नेताम तथा पुष्पलता वनस्पतिविज्ञान के छात्रों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों एवं फैकल्टी से फीडबैक लिया गया तथा उन्हें ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। कार्यशाला में डॉ. रमेश देवांगन, राजाराम मेहरा, जयराम कुर्रे, लालमन बेरवंश, हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्यारानी मिश्रा, उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, डिलेश्वरी पटेल, सागर नडावे, अविरल तिवारी, मनोज बारले, अब्बास मेमन एवं

11.0

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी(छ.ग.)
Website: www.gcnagri.ac.in E-mail:gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी दिनांक : 02.04.2026

:: प्रतिवेदन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में नवाचार के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने की नई पहल

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय, नगरी में आज वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक अभिनव पहल के अंतर्गत विभिन्न हर्बल उत्पादो की प्रदर्शनी एवं हर्बल शैम्पू स्टॉल का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने, स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध औषधीय वनस्पतियों के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस आयोजन में संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन में उपयोगी कौशल प्रदान करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हर्बल उत्पादों का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है और इस प्रकार के प्रयोग विद्यार्थियों को शोध एवं उद्यमिता दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वनस्पिति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक ने समस्त छात्रों एवं शिक्षको को छात्रों के द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पादो त्रिफला, हर्बल डाई, हर्बल टी, पाउडर शैम्पू, माउथ फ्रेशनर एवं हर्बल टूथ पाउडर के महत्व एवं उपयोगिता से परिचय कराया तथा आयुर्वेदिक उत्पादो के उपयोग को स्वदेशी विकास से जोड़ने में भूमिका निभाई।

इस हर्बल शैम्पू का निर्माण कार्यक्रम संयोजक लोकेश्वरी राठिया के निर्देशन में किया गया, जबकि सह–संयोजक सीता नेताम ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में एम.एससी. वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और उत्पाद निर्माण से लेकर विपणन तक के सभी चरणों को स्वयं संपन्न किया। निर्मित हर्बल शैम्पू में आंवला (विटामिन सी प्रमुख स्रोत), शिकाकाई (प्राकृतिक क्लींजर), रीठा (सर्फेक्टेंट), मेथी (प्रोटीन एवं एंटी–डैंड्रफ गुण), कलौंजी (एंटीऑक्सीडेंट), अलसी बीज (ओमेगा–3 फैटी एसिड), एलोवेरा (मॉइस्चराइजिंग एजेंट), करी पत्ता (हेयर ग्रोथ प्रमोटर) एवं गुड़हल (हेयर कंडीशनर) जैसे औषधीय गुणों से युक्त घटकों का संतुलित उपयोग किया गया। यह उत्पाद पूर्णतः रासायनिक मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल तथा बालों के लिए सुरक्षित एवं पोषक है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आगंतुकों को शैम्पू निर्माण की विधि, उसके औषधीय गुणों एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्टॉल पर आकर्षक पैकेजिंग, उत्पाद की गुणवत्ता तथा उसकी सुगंध ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने स्टॉल का अवलोकन किया और उत्पाद की सराहना की। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्पाद विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, ब्रांडिंग, विपणन एवं ग्राहक संवाद जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्टार्टअप इंडिया' एवं 'वोकल फॉर लोकल' जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप है और युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करती है। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, विशेषकर एम.एससी. वनस्पति विज्ञान के छात्रों, संयोजक लोकेश्वरी राठिया, सह–संयोजक सीता नेताम, विभागाध्यक्ष कौशल नाइक एवं प्राचार्य डॉ. मंदीप खालसा के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ–साथ सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

इस कार्यक्रम में डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.आर.आर.मेहरा, प्रो.मोहित कुमार, प्रो.हितेशा नंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, डॉ.कविता,प्रो. लालमन बेरवंश डॉ.ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, श्री प्रमोद चौरे, श्री सौरभ पाण्डे, सुश्री सीता नेताम सुश्री नेहा राजन, सुश्री डिलेश्वरी पटेल एवं छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
शा.सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी (छ.ग.)

11.0

पहल • शासकीय सुखराम नागे कॉलेज नगरी में वनस्पति विज्ञान विभाग ने कार्यक्रम का आयोजन किया

विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने हर्बल उत्पादों की प्रदर्शनी व शैम्पू स्टॉल लगाया

भास्कर न्यूज़ | नगरी

शासकीय सुखराम नागे कॉलेज नगरी में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न हर्बल उत्पादों की पदर्शनी व हर्बल शैम्पू स्टॉल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देने, स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध औषधीय वनस्पतियों के महत्व को बताने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

एमएससी वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने उत्पाद निर्माण से लेकर विपणन तक के सभी चरणों को स्वयं संपन्न किया। निर्मित हर्बल शैम्पू में आंवला विटामिन-सी प्रमुख स्रोत, शिकाकाई प्राकृतिक क्लींजर, रीठा सर्फेक्टेंट, मेथी प्रोटीन एवं एंटी-डैंड्रफ गुण, कलौंजी एंटीऑक्सीडेंट, अलसी बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड, एलोवेरा मॉइस्चराइजिंग एजेंट, करी पत्ता हेयर ग्रोथ प्रमोटर एवं गुड़हल हेयर कंडीशनर जैसे औषधीय गुणों से युक्त घटकों का संतुलित उपयोग किया गया। यह उत्पाद पूर्णतः रासायनिक मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल तथा बालों के लिए सुरक्षित एवं पोषक है। इस अवसर पर डॉ. अश्वनी ध्रुव, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ. कविता, डॉ. ममता सौरज, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

धमतरी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने स्टॉल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

औषधीय गुणों एवं उपयोग के बारे में बताया: कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शैम्पू निर्माण की विधि, उसके औषधीय गुणों एवं उपयोग के बारे में बताया। स्टॉल पर आकर्षक पैकेजिंग, उत्पाद की गुणवत्ता तथा उसकी सुगंध ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्पाद विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, ब्रांडिंग, विपणन एवं ग्राहक संवाद जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। यह पहल आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया एवं वोकल फॉर लोकल जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप है। युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करती है। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

आपके वास्तविक जीवन में उपयोगी कौशल देना उद्देश्य

कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन में उपयोगी कौशल प्रदान करती हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन ने कहा कि हर्बल उत्पादों का भविष्य उज्ज्वल है। इस प्रकार के प्रयोग विद्यार्थियों को शोध एवं उद्यमिता दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने प्रेरित करते हैं। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक ने छात्रों एवं शिक्षकों को छात्रों के द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पादों त्रिफला, हर्बल डाई, हर्बल टी, पाउडर शैम्पू, माउथ फ्रेशनर एवं हर्बल टूथ पाउडर के महत्व एवं उपयोगिता से परिचय कराया तथा आयुर्वेदिक उत्पादों के उपयोग को स्वदेशी विकास से जोड़ने में भूमिका निभाई।

ई-लर्निंग पोर्टल, शिक्षा को सभी के लिये सुलभ बनाता है

- सुखराम नागे कॉलेज में ई-लर्निंग प्लेटफार्म पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में स्वयं पोर्टल ई-लर्निंग प्लेटफार्म विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला डा. मनदीप खालसा प्राचार्य की अध्यक्षता एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के संयोजन तथा आईक्यूएसी वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई।

मुख्य वक्ता प्रो. कौशल नायक विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र ने स्वयं पोर्टल के पंजीकरण, कार्यप्रणाली, उपलब्ध दो हजार से अधिक निशुल्क पाठ्यक्रम तथा इसके होने वाले लाभ से शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया एक आनलाइन शिक्षा मंच है जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन मुख्य सिद्धांतों पहुंच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करना है। यह पोर्टल कक्षा 9 से लेकर स्नातकोत्तर तक के सभी पाठ्यक्रमों को निःशुल्क एवं इंटरैक्टिव तरीके से उपलब्ध कराता है तथा इस पोर्टल पर उपलब्ध वीडियो लेक्चर देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक तैयार करते हैं। यह पोर्टल शिक्षा को सभी के लिये सुलभ बनाता है। डा. खालसा ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने एवं उसका लाभ लेने प्रेरित किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रो.मोहित कुमार ने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया।

कार्यशाला में डॉ. रमेश देवांगन, प्रो. राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, डा. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल उपस्थित थे।

10.4

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, जिला–धमतरी (छ.ग.)
(NAAC ACCREDITED)
Website: www.gcnagri.ac.in E-mail: gcnagri@gmail.com Phone: 07700251218

नगरी, दिनांक 01.04.2026

//सूचना//

महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि वनस्पतिविज्ञान विभाग के तत्वाधान में हर्बल उत्पादों के उपयोगिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमएससी के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हर्बल शैंपू एवं अन्य हर्बल उत्पादों के विक्रय स्टॉल एवं प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 02.04.2026 को समय 12:00 बजे से महाविद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। इस आयोजन में आप सभी सादर आमंत्रित है।

कौशल नायक
विभागाध्यक्ष
विभागाध्यक्ष
वनस्पतिशास्त्र विभाग
शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय
नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

लोकेश्वरी राठिया
कार्यक्रम संयोजक

डॉ. मनदीप खालसा
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय
नगरी जिला–धमतरी (छत्तीसगढ़)
(NAAC ACCREDITED)
Website: www.gcnagri.ac.in E-mail: gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी, दिनांक: 12.1.2026

:: सूचना ::

महाविद्यालय बीएस–सी भाग–3 के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कैरियर काउंसलिंग एवं सांइस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 16.01.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे से सीयुईटी एंव सीजीपीएससी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा जिसमें समस्त छात्र–छात्रा उपस्थित रहें ।

प्रो.कौशल नायक
कैरियर काउंसलिंग एवं सांइस क्लब प्रभारी

प्राचार्य
शा. सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी (छ.ग.)

Lalita

E:\COMPUTER\JANKARI\LETTER\college neww (Autosaved).docx752

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी(छ.ग.)

Website: www.gcnagri.ac.in E-mail:gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी दिनांकः 02 / 08 / 2025

:: प्रतिवेदन::

महाविद्यालय के वनस्पतिविज्ञान विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पतिशास्त्र विभाग में एम.एससी. बॉटनी प्रथम सेमेस्टर में सत्र 2025–26 के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने तिलक लगाकर नवीन छात्रों का स्वागत किया, साथ ही छात्रा श्रद्धा ने पावरपांइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्राचार्य, शिक्षकगणों, विभाग एवं परिषद् के कार्यों तथा महाविद्यालय से छात्रों का परिचय कराया। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने नवीन छात्रों को बधाई दी तथा अपने उद्भाषण में कहा कि वनस्पतिशास्त्र विभाग निःसंदेह महाविद्यालय का उत्कृष्ठ विभाग है, जिसनें बहुत ही कम समय में बड़े–बड़े कीर्तिमान रचे हैं चाहे विश्वविद्यालय के प्राविण्य सूची में स्थान बनाना हो या शासकीय सेवा के विभिन्न पदो पर चयन हो। उन्होंने छात्रों को अपने सीनियर्स के पद चिन्हों का अनुशरण करने हेतु प्रेरित किया। प्रो. कौशल नायक ने कहा कि विश्व में ज्ञान का अथाह भण्डार है, जिसमें अपने भविष्य के लिए सहीं रास्ते का चुनाव करें ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो सके। विभाग निरंतर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है, जिसमें आपका योगदान भी महत्वपूर्ण है। प्रो. लोश्वरी राठिया ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे विभाग को अपना दूसरा घर समझे, जिसमें अनुशासनपूर्वक विद्या अर्जन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करनें में शिक्षकों एवं सीनियर्स का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में मंच संचालन कुमारी टुजाता साहू व धन्यवाद ज्ञापन कुमारी गीतांजली सोनी ने किया। उक्त कार्यक्रम में सुश्री नेहा राजन, सुश्री सीता नेताम एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

02/08/25

विभागाध्यक्ष

प्राचार्य
प्राचार्य
शास. सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम

नगरी-सिहावा। शासकीय सुखराम नागे कॉलेज नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पतिशास्त्र विभाग में एमएससी बॉटनी प्रथम सेमेस्टर में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रा श्रद्धा ने प्राध्यापकों से सभी छात्रों का परिचय कराया। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि वनस्पतिशास्त्र विभाग निःसंदेह महाविद्यालय का उत्कृष्ठ विभाग है, जिसने बहुत ही कम समय में बड़े-बड़े कीर्तिमान रचे हैं। चाहे विश्वविद्यालय के प्राविण्य सूची में स्थान बनाना हो या शासकीय सेवा के विभिन्न पदो पर चयन

पद चिन्हों का अनुशरण करने हेतु प्रेरित किया। प्रो. कौशल नायक ने कहा कि विश्व में ज्ञान का अथाह भण्डार है, जिसमें अपने भविष्य के लिए सही रास्ते का चुनाव करें ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो सके। विभाग निरंतर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है, जिसमें आपका योगदान भी महत्वपूर्ण है। प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे विभाग को अपना दूसरा घर समझे, जिसमें अनुशासनपूर्वक विद्या अर्जन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षकों एवं सीनियर्स का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। मंच संचालन टुजाता साहू व धन्यवाद ज्ञापन गीतांजली सोनी ने किया। कार्यक्रम में नेहा राजन, सीता नेताम एवं समस्त छात्र-

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला--धमतरी(छ.ग.)

Website: www.gcnagri.ac.in E-mail:gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी, दिनांक: 08.11.2025

:: प्रतिवेदन ::

:: विश्व विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन ::

विश्व विज्ञान दिवस प्रति वर्ष संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है जिसका उददेश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को उजागर करना तथा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग शांति तथा विकास को बढ़ावा देने हेतु करना है। इस दिन दुनिया भर मे हुए वैज्ञानिक खोजों तथा इसके लाभों से छात्रों को जागरूक किया जाता है ताकि वे भी नवीन खोजों की ओर अग्रसर हो सकें। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन मे विभागाध्यक्ष श्री कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने छात्रों को बताया कि इस दिवस की स्थापना यूनेस्को द्वारा 2001 में की गई थी। हम सबका यह दायित्व बनता है कि विज्ञान का उपयोग मानवता की भलाई के लिए किया जाए तथा विकास वैज्ञानिक खोज हमेशा निर्माणकारी हो ना कि विध्वंसकारी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. लालमन बेरवंश (सहायक प्राध्यापक भौतिकी) उपस्थित रहे जिन्होंने छात्रों को सर अल्फ्रेड नोबेल के जीवनी तथा खोजों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डाइनामाइट के विनाशकारी प्रभाव से व्यथित होकर अल्फ्रेड नोबेल ने विश्व में शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए नोबेल पुरस्कार प्रारंभ किया। साथ ही प्रत्येक प्राकृतिक संसाधन सीमित है। अतः इसका धारणीय विकास जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ी तक इसकी उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे सोलर पैनल के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में छात्रों के अलावा, सुश्री नेहा राजन, सुश्री सीता नेताम, सुश्री प्रियंका, एवं श्रीमति ललिता कोकिला का विशेष सहयोग रहा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रमेश कुमार देवांगन, डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.आर.आर.मेहरा, प्रो.मोहित कुमार, प्रो.हितेशा नंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, श्री प्रमोद चौरे, श्री सौरभ पाण्डे, सुश्री डिलेश्वरी पटेल उपस्थित रहे।

प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी(छ.ग.)

Website: www.gcnagri.ac.in **E-mail:gcnagri@gmail.com** **Phone: 07700-251218**

नगरी दिनांक: 13 / 03 / 2026

प्रतिवेदन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

थीम – विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना

शासकीय सुखराम नागे कॉलेज नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में एवं विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन में साइंस क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान के प्रति रुचि अभिरुचि एवं जिज्ञासा को बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य मैं के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विज्ञान प्रभारी प्रो कौशल नायक ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का परिचय देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत में हर साल 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक सर सी. वी. रमन द्वारा 1928 में "रमन प्रभाव" की खोज की स्मृति में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और युवाओं को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना है। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा अभी प्रेरित करने, "विज्ञान में महिला, विकसित भारत को उत्प्रेरित करना" विषय पर महिलाओं की उच्च्च स्थिति को बताते हुए , प्रो. नायक सर ने बताया कि सीकर जिले की विभा शर्मा ने इसरो में वैज्ञानिक बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने एमएनआइटी जयपुर से बीटेक और आईआईटी मुंबई से एमटेक किया, गेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभा अब अंतरिक्ष से लाए गए तत्वों पर रिसर्च कर देश के अंतरिक्ष अभियानों में योगदान देंगी।

प्राचार्य, डॉ मनदीप खालसा के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की 2026 की थीम से अवगत करतें हुएं हुए नारी शक्ति के महत्व को बताया एवं वर्तमान में नारियों की स्थिति तथा पिछले समय में रहे नारियों की स्थिति को तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि आज नारी न केवल घर तक ही सीमित है अपितु वे विज्ञान साहित्य इन सभी क्षेत्र के साथ–साथ अंतरिक्ष जैसे जगह पर पहुंच चुके हैं और अपना नाम रोशन कर रही है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें यह संदेश देता है कि हमें महिलाओं को शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यदि समाज महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देगा, तो वे देश की प्रगति में और भी बड़ा योगदान दे सकती हैं। "जब महिलाएँ शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं, तो पूरे समाज का विकास होता है।"

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमेश्वरी बीएससी चतुर्थ सेमे. द्वितीय स्थान डुमेश्वरी बीएससी चतुर्थ सेमे. प्राप्त किए एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका साहू पीजीडीसीए द्वितीय स्थान कल्याणी साहू पीजीडीसीए प्राप्त किए।

इस कार्यक्रम में प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, सागर मण्डावी, सीता नेताम, भूषण साहू ,प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ, रमेश कुमार देवांगन डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. आर.आर. मेहरा, प्रो. मोहित कुर्रे, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेशा नंद ठाकुर, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभपाण्डेय डिलेश्वरी पटेल, मनोज बारले, गोपाल देवांगन, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन आदि उपस्थित रहें।

कौशल नायक
विज्ञान प्रभारी

...ज्ञानिक खोज हमेशा निर्माणकारी हो न कि विध्वंसकारी : खालसा

- सुखराम नागे महाविद्यालय में विश्व विज्ञान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विश्व विज्ञान दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है जिसका उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को उजागर करना तथा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग शांति तथा विकास को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन, विभागाध्यक्ष कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यक्रम आयोजित की गई। प्राचार्य डा. खालसा ने छात्रों को बताया कि इस दिवस की स्थापना यूनेस्को द्वारा 2001 में की गई थी। हम सबका यह दायित्व बनता है कि विज्ञान का उपयोग मानवता की भलाई के लिए किया जाए। विकास वैज्ञानिक खोज हमेशा निर्माणकारी हो न कि विध्वंसकारी। मुख्य वक्ता प्रो. लालमन बेरवंश सहायक प्राध्यापक भौतिकी ने छात्रों को सर अल्फ्रेड नोबेल की जीवनी तथा खोजों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डाइनामाइट के विनाशकारी प्रभाव से व्यथित होकर अल्फ्रेड नोबेल ने विश्व में शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए नोबेल पुरस्कार प्रारंभ किया। उन्होंने ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत जैसे सोलर पैनल के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में नेहा राजन, सीता नेताम, सुश्री प्रियंका एवं ललिता कोकिला का सहयोग रहा।

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय
नगरी जिला–धमतरी (छत्तीसगढ़)
(NAAC ACCREDITED)
Website: www.gcnagri.ac.in E-mail: gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी, दिनांक 01/04/2026

:: सूचना ::

वनस्पतिविज्ञान विभाग के समस्त एमएससी भूतपूर्व विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.04.2026 को वनस्पतिविज्ञान विभाग में एलुमनी मीट सह सम्मान समारोह आयोजित किया जाना है जिसमें आप समस्त छात्र–छात्रा सादर आमंत्रित है ।

प्रो.कौशल नायक
विभागाध्यक्ष
विभागाध्यक्ष
वनस्पतिशास्त्र विभाग
शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय
नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Document2724

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, जिला–धमतरी (छ.ग.)
(NAAC ACCREDITED)

Website: www.gcnagri.ac.in E-mail: gcnagri@gmail.com Phone: 07700251218

नगरी, दिनांक 27.02.2026

//प्रतिवेदन//

शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम

शासकीय सुखराम नांगे महाविद्यालय नगरी, जिला – धमतरी (छ.ग.) में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में वनस्पतिविज्ञान विभाग संयोजक श्री कौशल नायक एवं श्रीमती लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में एम.एस–सी. बॉटनी के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि फील्ड स्टडी के माध्यम से छात्रों को कक्षा के माहौल से बाहर, सुनियोजित एवं व्यावहारिक तौर पर विभिन्न वनस्पतियों एवं पर्यावरणीय संसाधनों का अध्ययन किया जाता है जो एम.एस.सी. बॉटनी छात्रों के सिलेबस का अनिवार्य हिस्सा है। शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में आत्मविश्वास, टीम वर्क, और नए वातावरण को समझने की क्षमता विकसित होती है। छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण में बस्तर क्षेत्र के कुटुमसर गुफा, दण्डक गुफा, कांगेर नदी, एंथ्रोपोलॉजिकल म्यूजियम तथा चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण सह अध्ययन किया।

विदित हो कि कुटुमसर तथा दण्डक गुफा प्राकृतिक तौर पर निर्मित प्रसिद्ध एवं संरक्षित क्षेत्र है जो कांगेर घाटी नेशनल पार्क का हिस्सा है, जो अपने अनोखी प्राकृतिक संरचना (स्टेलेक्टाइट, स्टेलेग्माइट) के लिए प्रसिद्ध है। गाइड ने छात्रों को वहाँ मिलने वाली अंधी मछली, कैंपिओला शंकरी नामक झींगुर की प्रजाति के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यह गुफा लगभग 33 करोड़ वर्ष पुरानी मानी जाती है। साथ ही छात्रों ने कांगेर घाटी क्षेत्र में पाए जाने वाले दुर्लभ वानस्पतिक एवं औषधीय पौधों का भी अध्ययन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में 25 छात्रों सहित प्रो. कौशल नामक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, सुश्री नेहा राजन उपस्थित रहे।

प्राचार्य

विभागाध्यक्ष
वनस्पति विभाग
28/02/26

PG Botany

KANGER VALLEY
NATIONAL PARK
शास. सुखराम नाग महाविद्यालय-नगरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)
वनस्पति विज्ञान विभाग

13.2

कार्यालय प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी(छ.ग.)

Website: www.gcnagri.ac.in E-mail:gcnagri@gmail.com Phone: 07700-251218

नगरी, दिनांकः 19.07.2025

:: प्रतिवेदन ::

:: बॉटनी के विद्यार्थियों ने सीतानदी अभयारण्य में शैक्षणिक भ्रमण किया ::

जीवन जंगल से ही उत्पन्न होते है हमारे पूर्वज इन्ही जंगलो से जीवन की सभी वस्तुओं को प्राप्त करते थे जब मानव आदिवासी के रूप मे यहां निवास करता था । इसी संबध को पुनः जीने के लिए शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान विभाग नें सीतानदी अभ्यारण्य का शैक्षणिक भ्रमण प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में व प्रो. कौशल नायक विभागाध्यक्ष के संयोजन में किया।

सीतानदी अभ्यारण्य एक संरक्षित क्षेत्र है जो यहां की वनस्पति व वन्य जीवों के संरक्षण में कार्य करती है यह कार्य पहले यहां रहने वाले मूल मानव (आदिवासी) किया करते थें। जो एक पारिस्थितिक रुप से सतत् विकास का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता था।

विषय विशेषज्ञ प्रो. कौशल नायक (ईथनोबॉटनीस्ट) नें मानव व पौधों के संबध को बताते हुए यहां पाये जाने वाले फंगस, लाइकेन व औषधीय पौधे जैसे शतावरी जिसे जड़ी–बूटियों की रानी कहते है उसको कैसे बुखार, सिरदर्द व पाचन के लिए आदिवासी उपयोग करते है इस पर प्रकाश डाला।

यहां कई पौधे जैसे जंगली प्याज जिसे ग्रामीण बंद गोंदली के नाम से पुकारते है इसका उपयोग ग्रामीण जब जंगलो में पशुओं को चराने जाते थे तो उसका उपयोग पशुओं के लिए करते हैं। जो आज भी प्रासंगिक है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने महुआ जंगली हल्दी, तीखूर, चार, तेंदू, के ना केवल उपयोग का जाना बल्कि इसके औषधीय गुणों को भी समझा। इस शैक्षणिक भ्रमण में सुश्री नेहा राजन, सुश्री सीता नेताम उपस्थित रहे ।

प्राचार्य
Govt. Sukhram Nage College
Nagri
Distt. Dhamtari

विद्यार्थियों को वन्यजीवों के संरक्षण क्षेत्र में भ्रमण कराया

कॉलेज की छात्राओं ने सीतानदी अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण किया।

भास्कर न्यूज | नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने सीतानदी अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक के संयोजन में हुआ। सीतानदी अभयारण्य एक संरक्षित क्षेत्र है। यहां की वनस्पति और वन्यजीवों का संरक्षण किया जाता है। पहले यह कार्य यहां रहने वाले आदिवासी करते थें। यह क्षेत्र सतत विकास का उदाहरण रहा है।

विषय विशेषज्ञ प्रोफेस्सर कौशल नायक ने मानव और पौधों के संबंध को समझाया। उन्होंने बताया कि यहां पाए जाने वाले फंगस, लाइकेन और औषधीय पौधों का आदिवासी कैसे उपयोग करते हैं। शतावरी को जड़ी-बूटियों की रानी कहा जाता है। इसका उपयोग बुखार, सिरदर्द और पाचन के लिए किया जाता है। विद्यार्थियों ने जंगली प्याज को भी पहचाना। ग्रामीण इसे बंद गोंदली कहते हैं। इसका उपयोग पशुओं के लिए किया जाता है। यह परंपरा आज भी जारी है।